18.31 hrs.

## RESOLUTION *RE*: COMPULSORY MILITARY TRAINING

**Dr. Ram Subhag Singh** (Sasaram): I beg to move:

"This House calls upon the Government to introduce compulsory military training for all college and school students above the age of 15 in the country."

I feel that this is going to be the appropriate occasion for accepting this resolution. The country achieved Independence after immense suffering and sacrifice. To maintain the freedom and integrity of the country we need to make further sacrifices. The security and integrity of the country is endangered from various quarters. As you know, this matter was discussed even today and also yesterday in this House as well as the other House: I mean the defence of the country. The entire northern border from NEFA to Ladakh has been threatened by the Chinese aggression and they have occupied about 14,000 sq. miles of our territory.

The second nation which has committed aggression is Pakistan. Thousands of square miles of our land are under the illegal occupation of Pakistan, in the State of Jammu and Kashmir. Besides that occupation, Pakistan menaces the lives of the people of India who are on the borders of West and East Pakistan. Infiltration is always going on and no appropriate action is taken by the Government to end that infiltration or to put to task the Pakistani forces whenever they try to come to our side.

The third nation which is endangering our security is Portugal; it has been there for centuries and it is hanging like a naked sword on our heads. Therefore, I think that something should be done by India, something concrete, which might generate the energy and enthusiasm in the country. For a better protection of the country, it is necessary that there shoud be mass mobilisation. Apart from the danger to our security and integrity, there are always some types of calamities in the country. All these things require organised effort on the part of the nation which should tackle these problems. Therefore, I think that we should make a move in this direction.

Whenever any emergency arises, we think that we should organise on the spur of the moment, or, when there is some natural calamity, we request the military authorities to move in, or when there is a little trouble in Goa, we request—as we have done—the Government to move some military personnel on that side. These things would not be needed if we keep the nation always in readiness, and the best way is that we should enable all the able-bodied persons to take care of the situation whenever there is any danger. From this point of view, I think we should move in this direction and adopt this resolution.

So far, there has been on system which can meet this challenge. The only system which exists in India is that there should be veluntary enlistment either in the army or the police force or the Home Guards or the NCC and the ACC. Whatever may be these organisations, they are voluntary. There is no compulsion anywhere. I do not want that there should be compulsion as there is in certain other regimentalised countries. But there should be some sort of response from the people,—that every able-bodied man and particularly the youth should do something to protect the security and integrity of the country.

There is also one advantage in the existing system of voluntary enlistment, because the persons who have some urge to join the police or the NCC. They come and join these orga-

nisations, but the vast majority of our youth are left behind. They are not at all trained. They are not at all prepared to meet the situation. If there is any trouble in Ladakh, nobody is prepared to go there. If there is any trouble in Badrinath or NEFA, the mass as a whole is very seldom willing to go there, because they possess no skill to carry out the job and they do not have the equipment to stay there. Therefore, it is essential that all those people of India who are able-bodied should be given some training and some facilities as well as some skill to deal with the situation.

Today, the situation has also changed. Previously, this system of voluntary enlistment might have worked, because in those days, there were the conventional wars. If anybody attacked, he attacked with swords, or some small guns or lathis. Or, you could train people in 15 days or a month or six months when there was an attack. If any foreigners invaded the country, you could give the call to the nation and give the people some training for 15 days or 20 days or for six months and march them with those swords or lathis or something like that. But those days are gone. Today, the situation or the condition in the world has changed and the methods of war have changed. There have been new inventions. New techniques have been introduced. The military strategy has changed. In such a situation, constant precaution is needed.

If I join the army I will have to undergo refresher courses. If I am familiar with the technique, even then I should undergo refresher courses, because every day there is a change in technique and every day there is a change in weapons. So, it is necessary that there should be an increasing degree of alertness in the country for the protection of our borders and the integrity of this nation.

Some people may say, as was said here on certain occasions, that we do not want mass hysteria; that we do not want a war psychosis, etc. All these are fallacious arguments. Only those persons use these arguments who do not know the ABC of the situation in India because they want to endanger the lives of the people in this country. Such arguments are dead arguments, for, anybody who says that military training is going to create a warmindedness in the country is not going to do any service to the nation. All those arguments and grounds are over. Military training creates some disciplined people, and unless and until we discipline our youth and our people, they would not be able to realise their responsibilities towards their fellowmen.

Therefore, I think that some military training would not only create consciousness among the persons who undergo such a training, a consciousness to watch their fellowmen, but also some sense of responsibility, self-reliance and a greater sense of service towards the nation. Once you get organised and once you make the people stand on their legs, they can take charge of the situation even if there is a big emergency. Therefore, I think, in the situation in which we are put today, it is essential that we should do something in this line.

Take, for instance, the entire Himalayan region. The region is inhabited by one of the most valiant races. I would not say that they are different race from ourselves. The people there, the Gurkhas, the Ladakhis, the Assamese, the Nagas, etc. are all valiant soldiers. But you must train them. Some Chinese are entering and there is no resistance. You may say that that area is not inhabited, but that is no excuse. Why are you not going to inhabit that area? You may better invite your surplus population here and settle them there so that they might face the emergency along with your soldiers. That also I include in training. We should train our youth, because today people are getting demoralised and unless you enable them to stand on their own legs to guard their hearth and home and to guard our territory and our borders, we will be put to great difficulty.

[Dr. Ram Subhag Singh]

There may be about 12 crores of able-bodied persons in India who may serve the country whenever there is any emergency but only a few lakhs are trained. It is essential we should do this. If we compare this with countries who are threatening our security, there is a mass training programme in China. I do not want to make any comparison, but there is a standing army of over 25 lakhs and there is a system under which everybody over the age of 15 is given military training and is required to serve in the army for three years. Then, he is put in the reserve. In that way, there are 13 to 14 crores of persons who are there always ready to meet any eventuality. The army also depends for its supply of soldiers on those reserve forces.

Similarly, in Portugal, all persons between 17 and 45 years of age are supposed to undergo military training and render military service for about 6 years. Then they join special territorial forces. Here we do not have any system like that. I would not have minded this if we are in a position to carry on. But I frankly admit that we are not in a position to protect our border, unless and until we make a perfect preparation on this line. We have to develop our people, develop our areas, develop our transport system, develop our planes and weapons, because all these things require development.

I do understand that it will not be possible to train every youth in the country in one or two years. Therefore, I have limited the scope of my resolution that we should start with giving military training to our college and school students who are above 15 years. That may not be a big number. One can say that this will require a big expenditure. It may require a big expenditure, but considering the danger which faces the security and integrity of the country and considering the damage which is likely to be done by the demoralisation which is being created, I think any amount of expenditure is not going to be heavy on the purse of this country. Nobody wants that any development programme should be stopped, but our development programmes, Five Year Plans, etc. can be successfully run only when there is peace and a sense of security in the country. Even a little uneasiness is going to affect the implementation of the Plans. Therefore, we must not delay undertaking such programmes.

I do concede that the ACC, NCC and the Lok Sahayak Sena have done some good. Those programmes are good; some students have also been trained and they are found fit to be recruited in the various wings of our army. They should be expanded and along with it, we must create such youths in the country who are not only well-disciplined, but who know the technique of handling anything and working in any emergency.

With these words, I move my resolution.

**Mr. Deputy-Speaker**: Resolution moved:

> "This House calls upon the Government to introduce compulsory military training for all college and school students above the age of 15 in the country."

May I know how many hon. Members want to participate in this? I see 11 hon. Members rising. We started the non-official business at 3·20. We have 2½ hours for it. That would mean we should conclude it at 5·50. Then there is a half-an-hour discussion. If hon. Members are prepared to sit up to that time, I have no objection. But if this is to be taken on to the next session and they want to rise earlier, I may be advised like that. But I have no objection to sit up to the end. What is the pleasure of the House?

**Dr. Ram Subhag Singh**: We are prepared to sit.

**Mr. Deputy-Speaker:** Certainly I am with them. Shri Braj Raj Singh. He may conclude in ten minutes.

**श्री ब्रजराज सिंह** (फिरोजाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, साधारण परिस्थितियों में सम्भवतः भारत में इस प्रकार के प्रस्ताव को सदन के सामने लाने की आवश्यकता न होती, लेकिन पिछले कुछ सालों से हिन्दुस्तान की जो परिस्थिति बनती जा रही है और जब हमारी सभी सीमाओं पर—चाहे वह पूर्वी सीमा हो, चाहे पश्चिमी, चाहे उत्तरी सीमा हो और चाहे दक्षिणी—इस देश के लिए खतरा पैदा हो रहा है, तो मैं समझता हूं कि इस तरह का प्रस्ताव हिन्दुस्तान की जनता को जगाने के लिए बहुत ही आवश्यक है।

हिन्दुस्तान की अपनी कुछ परम्परायें रही हैं। हम हमेशा से शांतिवादी रहे हैं और अपने सारे इतिहास में हम ने कभी भी किसी दूसरे राष्ट्र और उसकी भूमि की तरफ आंख उठा कर नहीं देखा है। हमारे समाज में कुछ लोग ईश्वर का भजन करने वाले रहे हैं, जो कि सदा शांति की बात करते रहे हैं, लेकिन उस के साथ ही साथ हिन्दुओं के वर्णाश्रम धर्म के अनुसार एक वर्ण ऐसा भी रहा है, जो हमेशा लड़ाई के लिए प्रस्तुत रहा और जिस की जिम्मेदारी रही कि वह देश की सुरक्षा की गारण्टी करेगा, देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान भी होम देगा।

उपाध्यक्ष महोदय, हम में से आप सब से अधिक जानते हैं कि हिन्दुस्तान के इतिहास में एक ऐसा समय आया कि हिन्दुओं में से कुछ लोगों को अपने में से एक नई कौम को, सिख धर्म को जन्म देने के लिए तैयार होना पड़ा। वह कौम ऐसे समय में उत्पन्न हुई, जब कि देश कीं सुरक्षा को खतरा था। उस समय कहा गया कि एक एक सिख देश की सुरक्षा के लिए कुर्बानी देगा।

मेरा तात्पर्य यह है कि इस देश में हमारी यह परम्परा रही है कि एक तरफ तो हम में से कुछ लोग शांतिवादी रहे हैं, ईश्वर-भजन में लीन रहे हैं, दार्शनिक, साहित्यिक और कवि रहे हैं, वहां दूसरी तरफ एक वर्ग ऐसा भी रहा है, जिस पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी रही है। आज, जब कि हम अपनी सरकार—एक राष्ट्रीय सरकार और आजादी की सरकार—चला रहे हैं और ऐसी सूरत में, जब कि चारों तरफ से देश की सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा है, हमें अपने उन पुरानी परम्पराओं को जागृत करना चाहिए और उन के अनुसार चलना चाहिए। पहले हमारे यहां ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि वर्ग थे, जिन के अपने अपने कर्त्तव्य और धर्म निश्चित थे। क्षत्रियों का धर्म देश की सुरक्षा के लिए तत्पर रहना था। हम ने एक ऐसी कौम पैदा की, जिस का एक एक बालक देश की सुरक्षा में अपनी कुर्बानी देने के लिए तैयार था।

आज फिर हमें इस बात की आवश्यकता पड़ी है कि हम अपनी उन भावनाओं को जगायें। आज जब हमारे प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि उत्तरी सीमा पर जो खतरा है, वह एक दो या दस बीस सालों में नहीं जाने वाला है, वह पचासों सालों तक रहने वाला है और चीन के साथ हमारे जो सम्बन्ध हैं, उन को दृष्टि में रखते हुए हमें एक दो पीढ़ी तक उस का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए तब इस तरह के प्रस्ताव को लाने की ओर आवश्यकता पड़ गई है। इस तरह के प्रस्ताव को पास करने से, इस तरह के प्रस्ताव पर चर्चा करने से यह नहीं समझा जाना चाहिये कि हिन्दुस्तान अपनी शांतिवादी परम्परा को छोड़ रहा है। कतई इसका मंशा यह नहीं है कि हम अपनी शांतिवादी नीति को छोड़ना चाहते हैं। हम अपनी तरफ से किसी के साथ लड़ना नहीं चाहते हैं। लेकिन हम अपनी परम्पराओं के साथ विश्वासघात करेंगे यदि हम इसके लिए तैयार न हों कि जो हम पर आक्रमण करे, जो हमारी सीमा का अतिक्रमण करे, उसका हम मुकाबला न करें। जो भी कोई ऐसा दुस्साहस करता है, उसका मुकाबला करने के लिए हमें तैयार रहना है। मैं समझता

[श्री ब्रजराज सिंह]

हूं कि हिन्दुस्तान की आज की ४४ करोड़ जनता में, जो कि अगले पांच सालों में शायद ५० करोड़ हो जाएगी, हमें यह भावना जगानी है कि हम अपने देश की सुरक्षा को कैसे कायम रख सकते हैं, कैसे अपनी आजादी को कायम रख सकते हैं। ऐसी भावना को इसके अन्दर जागृत करने के लिए इस तरह के प्रस्ताव पर चर्चा करना अनिवार्य हो गया है और सरकार को चाहिये कि वह निश्चय ले कि एक वर्ग के लोग जो ऐसे लोग हैं जिन के शरीर में शक्ति है, जिन का शरीर काम करने लायक है, उनको फौजी शिक्षा दी जाएगी ताकि जब कभी भी आवश्यकता हो उनको देश की सुरक्षा के लिए बुलाया जा सके।

मैं समझता हूं कि इस प्रस्ताव का केवल इतना ही मंशा है। इसका यह मंशा कतई नहीं है कि लड़ाई की भावना अपने देश या विदेशों में फैलाई जाए। यदि हिन्दुस्तान की चले तो मैं समझता हूं कि हिन्दुस्तान का बच्चा बच्चा इसके लिए तैयार होगा और चाहेगा कि दुनिया से सशस्त्र सेनाओं को खत्म कर दिया जाए, हिन्दुस्तान का बच्चा बच्चा सब से पहले यह गारंटी देने को तैयार होगा कि दुनिया में कभी लड़ाई न हो और कम से कम हम अपनी तरफ से पहले लड़ाई कभी नहीं करेंगे। हमारी परम्परा, हमारा इतिहास, हमारा साहित्य, हमारे धर्म शास्त्र और हमारी सारी की सारी पृष्ठभूमि इस बात की साक्षी है कि हम शांतिवादी हैं, हम लड़ाई नहीं चाहते हैं, हम कभी भी अपनी तरफ से लड़ाई नहीं छेड़ते हैं।

लेकिन प्रश्न यह पैदा होता है कि जब दूसरों की तरफ से कभी खतरा पैदा किया जाता है, तो क्या उस खतरे का मुकाबला करने के लिए हम तैयार हैं या नहीं हैं, अगर कोई ऐसी स्थिति पैदा कर देता है जिस से हमारी सुरक्षा को खतरा पैदा हो जाता है तो उस खतरे का सामना करने की हमारे में शक्ति है या नहीं है। मैं समझता हूं कि सारी परिस्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि सरकार इस पर निश्चय ले कि लोगों के शरीर में शक्ति है और जो देश की रक्षा करने में सहायक हो सकते हैं उनको फौजी शिक्षा दी जाए, फौजी दृष्टि से उनको तैयार किया जाए ताकि अगर कोई संकट पैदा हो जाए तो उस संकट का वे सामना कर सकें और देश की रक्षा कर सकें।

मैं उन सब बातों को दोहराना नहीं चाहता हूं जिन पर पिछले कई दिनों से इस सदन में चर्चा होती आ रही है। लेकिन मैं समझता हूं पृष्ठभूमि तैयार है, सारे कारण मौजूद है इस प्रस्ताव को मंजूर करने के लिए चाहे गोआ का सवाल हो, पाकिस्तान का सवाल हो या चीन का सवाल हो, सारी चीजें मौजूद हैं जिन के आधार पर देश को तैयार होने की जरूरत है, किसी भी खतरे का सामना करने के लिए।

मैं सिर्फ एक बात कहना चाहता हूं और वह यह है कि इस प्रस्ताव का कतई यह मंशा या अर्थ नहीं है और न ही इसका यह अर्थ लिया जाना चाहिये इस मुल्क में या इस मुल्क के बाहर कि हिन्दुस्तान में कुछ ऐसे लोग हैं जो यह चाहते हैं कि लड़ाई की भावना पैदा हो या यह चाहते हैं कि किसी पर हमला बोल दिया जाए, या दुनिया में वार साइकोसिस पैदा करना चाहते हैं। ऐसी बात हर्गिज नहीं है। लेकिन यह बात जरूर है कि हमें अपनी शक्ति कायम रखनी है, हमें किसी से डरना नहीं है। हमें इस भावना को पैदा करना है कि हम किसी पर हमला बोलने वाले नहीं हैं लेकिन इस के साथ साथ यह बात भी जरूर है कि हम किसी से डरने वाले भी नहीं हैं मैं समझता हूं कि यदि यह प्रस्ताव स्वीकार किया जाता है अभी प्रारम्भिक स्टेज पर तो यह केवल उन विद्यार्थियों पर लागू होगा जो कि कालेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं और जिन की उम्र १५ साल से ऊपर

है। लेकिन आगे चल कर, भविष्य में चल कर, हमें इसको उन लोगों पर भी लागू कर देना चाहिये जो किसी कठिनाई की वजह से कालेजों में नहीं जा सकते हैं और उन सभी पर लागू कर देना चाहिये जिन के शरीर इस लायक हैं कि वे फौजी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं और उनको भी फौजी शिक्षा दी जानी चाहिए।

सारी परिस्थितियों को देखते हुए और सीमाओं पर जो संकट पैदा हो गया है, उसको देखते हुए भी तथा अपनी स्थिति को साफ करने के लिये देश में और बाहर भी, यह अनिवार्य हो गया है कि सरकार इस प्रस्ताव को स्वीकार कर ले और मुल्क में यह भावना पैदा करे कि कुछ भी हो हमारे देश में कितनी भी मत-विभिन्नता हो, राजनीतिक उद्देश्यों में विभिन्नता हो, जहां तक देश की सुरक्षा का सवाल है, देश की सीमाओं पर किसी खतरे का सवाल है, उसका सामना करने के लिए, इस देश का एक एक बच्चा तैयार है, देश की रक्षा करने के लिए अपने खून की आखिरी बूंद बहाने के लिए तैयार है और तैयार रहेगा। मैं समझता हूं कि इस तरह की भावना पैदा करने के लिए इस प्रस्ताव को सरकार की ओर से स्वीकार कर लिया जाना चाहिये।

**उपाध्यक्ष महोदय** : आठ मिनट माननीय सदस्य बोले हैं जिन में से एक मिनट उन्होंने रिपीट करने में लिया। इसलिये मैं समझता हूं कि सात मिनट स्पीच देने के लिए काफी होंगे और सभी माननीय सदस्य सात मिनट से अधिक न लें।

**Shri Hem Barua** (Gauhati): Mr. Deputy-Speaker, Sir, under normal circumstances military training to all able-bodied people would sound as an anachornism, there is no doubt about it. But under abnormal circumstances as the circumstances that you are facing today, to say that military training for all able-bodied people in the country is essential is a very welcome resolution.

I remember, Sir, before we became free, ex-members of the Azad Hind Forces that were being disbanded joined the Congress organisation. Then I had the proud privilege of being a member of the Congress organisation. The people in that organisation were then preparing for the last battle to achieve freedom. I remember, these ex-servicemen of the Azad Hind Forces went about imparting military training to young Congress people. That brought about some sort of discipline in the organisation and also an urge to work and to die if necessary for the country. I find that nowhere in any organisation is emotional integration or national integration, whatever you may call it, achieved as it is achieved in the defence services, in the army They do not have any caste distinction, any regional distinction, because of this military training. They have only one pole star, and that pole star is nationalism, the defence of the country. Guided by that pole star, all distinctions that divide our country today evaporate, they get liquidated. When we were engaged in our struggle for freedom under the leadership of Gandhiji, all fissiparous tendencies, all distinctions whether at the State level or at the regional level or cultural level, that have come to the surface were blanketed by an ideal and that was the ideal of nationalism.

Now, in this country, after having won freedom with that ideal, that ideal is what is absent today. We do not have that ideal. We do not have that upsurge, that national feeling. We are a divided people. Therefore, I feel that this preparation in a military way is necessary. When young people get military training that will not only infuse a spirit of discipline into them but that will also infuse into them the spirit of nationalism and an urge to work and die for the country if neces-

[Shri Hem Barua]

sary. That has become very essential today at this particular moment.

We are threatened today from all quarters. When I think of the future I often feel that there is no silver lining and there are dark clouds gathering in the horizon round about our country. There is a conspiracy today against this country hatched in Karachi, hatched in Lisbon, hatched in Peking. This is the situation that we are facing at this particular moment. When there is a conspiracy like that it does not behove well of us to remain quiet. Today we are not prepared. The country must be prepared. The nation must get prepared. I do not know how far it is true, but I understand that in China, for instance, the strength of the army is four or five times more than the strength of our army. I am not divulging any secret. This was in the articles that appeared in the papers.

Whatever that might be, we are facing a critical situation today, a very critical situation. There is the problem posed not only by Portugal, not only by Pakistan, but also by China. When Mao Tse-tung says that all people who belong to the submontane ranges of the Himalayas belong to one ethnological group—that is the Mongoloid group—he visualises a Mongoloid Federation of the people who live in the border. I would say, Sir, that even though these people who live in our border may be ethnologically different from us and they may belong to the Mongoloid and Tibeto-Burman group, they are Indians. Because NEFA is inhabited by a group of people whose ethnology differs from the ethnology that prevails in the plains of the country, that does not mean that NEFA is not a part of India. It is as much a part of India as Maharashtra is. Therefore, these are problems that face our country today.

Under the British regime the population of the country was divided into two groups—the martial race and the non-martial race. This was a wrong division on their part. It was done possibly because they did not want to pay any attention to develop this country so far as discipline is concerned, so far as military strength is concerned. Today, when we have become free we do not have to divide our population into two categories, into martial race and the non-martial race, because we find that the people who were described as non-martial race are not in any way discharging duties which are inferior to those discharged by the so-called martial race of India.

There are some people who might say that this is war-mongering. When the country is invaded, when the country is threatened from all quarters, to say that we must defend our country, to say that we should mobilise our people, to say that we should impart military training to all able-bodied persons of our country in the defence of our country is not war-mongering. And if this is war-mongering, I would rather like the whole nation to be described as war-mongers rather than to be described as a nation of traitors to the national cause.

**17 hrs.**

**श्री मोहन स्वरूप** (पीलीभीत) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं डा० राम सुभग सिंह के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। यह प्रस्ताव एक ऐसे अवसर पर आया है जब कि देश में संकट है और जरूरत इस बात की है कि देश को सुरक्षा के लिये तैयार किया जाय। अंग्रेजों के आने से पहले हिन्दुस्तान एक मार्शल रेस था और हर वक्त तैयार रहता था। इतिहास कहता है कि हिन्दुस्तान की तलवार मशहूर थी दुनिया भर के लोग इस का लोहा मानते थे। अंग्रेजों के आने के बाद से हिन्दुस्तान की जो मार्शल स्पिरिट थी उस को

कुचलने की इन्तहाई कोशिश की गई और उन लोगों ने स कौम को एक ऐसी कौम में परिर्वतित कर दिया जिस में से मार्शल स्पिरिट जाती रही । आज आवश्यकता है कि बहादुरी का जज्बा कौम के लोगों में पैदा किया जाय । आज जरूरत इस बात की है कि हिन्दुस्तान के सामने जो खतरा है उस को उससे बचाने के लिये लोग तैयार हों । आज जरूरत इस बात की है कि मुल्क पर मरने वालों की तादाद ज्यादा से ज्यादा बढ़ाई जाय ।

जहां तक लड़ाई का ताल्लुक है, लड़ाई के दो ऐस्पेक्ट्स होते हैं । जब फौजें फ्रंट्स पर होती हैं और लड़ाई करती हैं तो मुल्क में कुछ ऐसे लोग होते हैं जो सैबोटाज करते हैं । सब लोग जानते हैं कि इस मुल्क में भी सैबोटाज करने वालों की कमी नहीं है और वक्तन फवक्तन गड़बड़ी यह करते रहते हैं । इस लिये आज और जरूरत आ पड़ी है कि लोग तैयार हों और जो प्रस्ताव डा० राम सुभग सिंह ने यहां पर रक्खा है उस पर गवर्नमेंट विचार करे । मैं इस से भी आगे बढ़ कर एक सुझाव देना चाहता हूं । मुल्क भर में डिफेन्स सोसायटीज तैयार हों और उन के जरिये से जो ताकतवर लोग, तन्दु स्त लोग गावों में रहते हैं उन को फौजी ट्रेनिंग दी जाय ताकि गांवों में जहां पर फौजें नहीं रहती है, रिमोट जगहों पर जहां पुलिस नहीं पहुंच सकती है, वहां सुरक्षा की भावना पैदा हो और लोग संगठित हो सकें । मैं चाहता हूं कि सरकार इस तरफ ध्यान दे । बड़ी खुशी की बात है कि उत्तर प्रदेश में कुछ इस तरह की चर्चा शुरू हुई है और मेरठ और कुछ और जिलों में ऐसे कुछ संगठन शुरू किये गये हैं । मैं चाहता हूं कि देश भर में गांवों में भी इस तरह के सुरक्षा संगठन शुरू किये जायें । जब आर्म्स के मुताल्लिक यहां बिल पेश हुआ था तो सेलेक्ट कमेटी में मैं ने सजेशन दिया था कि जो बन्दूक के लाइसेंस देने के तरीके हैं उन में कुछ परिवर्तन किया जाय । मैं ने सुझाव दिया था कि जिन लोगों को लाइसेंस दिये जाते हैं उनको लाइसेंस देने से पहले मिलिटरी ट्रेनिंग दी जाय । एक महीने के बाद दो महीनों के बाद, लोगों के चाल चलन का अच्छी तहर से वेरिफिकेशन करने के बाद उन को लाइसेंस दे दिये जायें । इस तरह से लाइसेंस पाने वाले जो संगठन या जमातें होंगी वह वक्त पर देश के काम आ सकती है । जहां तक चीन का ताल्लुक है, आप जानते हैं, सारी दुनियां जानती है कि यहां पर वालेंटियर्स की एक बहुत बड़ी फोर्स है जो कि हर तरीके से शिक्षित है, ट्रेन्ड है और उन को आवश्यक हथियार दे कर मैदान में लाया जा सकता है । रिजर्व फोर्सेज के अलावा वालेंटियर्स का भी एक संगठन होना चाहिये इस तरह की मांग ब्रिटेन में की गई थी यह मैं ने पढ़ा है । इसी तरह से अमें समय आ गया है कि हमारे देश में भी जो स्कलों और कालेजों पढ़ने वाले लड़के हैं, जो तन्दुरुस्त आदमी हैं जिन में देश की सेवा की भावना है, उन को संगठित किया जाय और उन को फौजी शिक्षा दी जाय । फौजी शिक्षा देने का यह मतलब नहीं, जैसा कि कुछ मित्रों ने यहां पर कहा, कि हम लड़ाई की तैयारीयां कर रहे हैं । हम लड़ाई की तैयारियां नहीं करना चाहते, लेकिन अब वक्त आ गया है कि हम अहिंसा की बात करना, पंचशील की बात करना बन्द करें क्योंकि इन का कोई महत्व दुनियां में नहीं रह गया है, इन की धज्जियां उड़ा दी गई हैं । यह ऐसी चीजें है जो कि हमारे देश को पतन की ओर ले जाने वाली हैं ।

मैं ज्यादा न कह कर यही अर्ज करूंगा कि डा० राम सुभग सिंह का जो प्रस्ताव है उस के अनुसार स्कूलों और कालेजों में और दूसरे देहाती इलाकों में इस तरह के संग न

[श्री मोहन स्वरूप]

बना कर के लोगों को फौजी ट्रेनिंग हासिल करने का हम मौका दें।

**Shri M. R. Krishna** (Karimnagar—Reserved—Sch. Castes): Mr. Deputy-Speaker, I fully agree with Dr. Ram Subhag Singh that military training should be given to the students in the colleges and schools, but, at the same time, when this country is being troubled on our borders, the Government should be very careful in spending the resources which they have got. No country in the world, which was faced with the kind of emergency which we are facing, ever depended mostly on the civilians who have been trained in the military art. Many countries have experienced in the previous wars that they could defend their country's borders more by active military battalions rather than by the civilians. In this country we have got the National Cadet Corps, A.C.Cs. and various other units whose primary duty, I think, is to help the civilian population at the time of an emergency. Therefore, I feel that the Government of India would be doing a good job if they concentrate in training or raising more divisions which could be more useful and would be more effectively defending our borders in case of an emergency, rather than spending our money on the training of students and other civilian population, as it would be an impossible task for us to make them fully prepared to defend our borders.

In many other countries, specially in England, at the time of an emergency most of the private business concerns contribute a lot towards the defence of the country. They send their men for training and pay them while they serve in the battalions, regiments or in other spheres of war. It would be better if such things could be done here also, rather than spendig Government resources for training these people.

Of course, it is certainly necessary that we have to train our youngsters to go to the assistance of the defence forces in case of an emergency. That is being done even today. If Government is very keen to make our youngsters fit to take up arms in case they need, they could be made physically fit by introducing various kinds of games and sports and discipline in the schools and colleges.

Training civilians with weapons in the military art is a very difficult job which even the advanced countries have not undertaken because the equipments of defence change every day and the people who have been trained in the military art a year ago will have to be trained again; otherwise, they will become misfits. So, even if Government train these youngsters with various kind of military equipments, they will still not be very useful in case of an emergency.

Therefore, my final suggestion is that Government should have more divisions and should spend more money in securing arms and give more training for the reservists; also, the period of training for the N.C.C. and A.C.C. trainees, who have already been trained to some extent in the military art, should be increased.

**राजा महेन्द्र प्रताप** (मथुरा) : मुझे इस बात का बड़ा खेद है कि मैं इस प्रस्ताव का विरोध कर रहा हूं। कारण यह है कि समय बदल गया है। जब बारिश हो रही हो तब हम किसी से कहते हैं कि छाता लगा लो लेकिन जब श्रीमान जी कमरे में पधारें और, उस वक्त भी अगर वह छाता लगा कर आये तो लोग इस बात पर हंसेंगे। मेरे कहने का मतलब यह है कि जमाना बदल गया है। मैं तो खुद ऐसा शख्स था जो हमेशा यह कहता रहा कि मैं महात्मा गांधी जी की

अहिंसा को नहीं मानता । मैं ऐसा व्यक्ति था जो हमेशा यह कहता रहा कि अगर कोई ईमान्दार हिन्दू है तो उसे गीता को मानना होगा, और अगर वह गीता को मानता है तो उसे धर्म युद्ध की बात को मानना होगा । मैं ऐसा आदमी था जो यह कहता था कि अगर अगर कोई ईमान्दार मुसलमान है तो उस को जिहाद को मानना होगा और तलवार हाथ में लेनी होगी, अगर कोई ईमान्दार सिख है तो उसे गु गोविन्द सिंह को मानना होगा और धर्म के लिये लड़ना होगा, दुनियां के लिये, मुल्क के लिये लड़ना होगा। मगर आज जमाना बदल गया है। मुझे यह कहना है कि स समय हमको हरगिज अपने मदरसों और विद्यालयों में छोटे छोटे बालकों को फौजी तालीम नहीं देनी चाहिये । क्या मालूम कि इन छोटे छोटे बालकों में से कौन कौन ऋषि मुनि होने वाले हैं, कौन कौन विज्ञान सिखाने वाले होने वाले हैं। हम क्यों उनको एक तरफ हांक दें और उनको फौजी बना दें ।

जब मैं चीन में था तो मैंने कहा कि यह बड़ा गलत तरीका है कि छोटे छोटे बालकों को लामा या साधू बना दिया जाए। हमारे बुद्ध भगवान २६ वर्ष की उम्र में दुनिया को छोड़ कर गये थे । ज्यादा उम्र होने पर यह पता चल सकता है कि कौन फौजी हो सकता है और कौन फौजी नहीं हो सकता, कौन धार्मिक हो सकता है और कौन धार्मिक नहीं हो सकता। तो मेरे कहने का मतलब यह है कि यह हमारी संस्कृति है और यह हमारी सम्यता है कि हम सब को फौजी न बनायें। हम तो खास तौर से कुछ लोगों को तैयार करते थे इसलिये कि वह लड़ेंगे, मरेंगे और देश की रक्षा करेंगे। यह हमारी साभ्यता है । हमारे ब्राह्मणों ने यह बात निकाली थी । अंग्रेजों ने तो कुत्तों, घोड़ों और गधों तक के लिये यह बात निकाली कि उनकी नस्ल बनायी जैसे कोई दौड़ने वाला घोड़ा तो कोई गाड़ी में चलने वाला घोड़ा । लेकिन हमारे ब्राह्मणों ने इन्सानों की नसलें बनायीं थीं। उनके अनुसार ब्राह्मण पोथी वाला होता था, क्षत्री तलवार चलाने वाला होता था, वैश्य व्यापार आदि करने वाला होता था और शूद्र और कुछ लोग टोकरी और फावड़े वाले होते थे । उन्होंने ये नस्लें बनायीं । उन्होंने सब को फौजी नहीं बनाया और न हम सब को फौजी बना सकते हैं ।

मेरे कहने का मतलब यह है कि अब तो सिर्फ संसार संघ का राज्य ही सारे मुल्कों की रक्षा कर सकता है। अब तो हम सब को लग कर इस बात की कोशिश करनी चाहिये कि समस्त संसार में हो एक राज, समस्त संसार की बने एक फौज, समस्त संसार की हो एक कचहरी ताकि मुल्क आपस में लड़ न सकें। हम चाहें फौजी तालीम देकर अपने बच्चों को फौजी बना लें, लेकिन इस तरह से मुल्क की रक्षा अभी नहीं हो सकती ।

मेरा ६० लाख फौज बनाने का विचार जरूर था । मगर मैं चाहता था कि छावनियों में कारखाने लगें, खेत लगें, बाग लगें, और हमारे सिपाही दिन में ३ घंटे तो फौज का काम करें और पाच घंटे मेहनत करके आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करें। तो मेरा यह विचार उनका काम में लगाने का था । वह है पुरानी बात इस समय मैं इस प्रस्ताव की मुखालिफत करता हूं ।

**चौ० रणबीर सिंह** ( रोहतक ) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने मित्र डा० राम सुभग सिंह के इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं कि १५ साल से ऊपर की उम्र के बच्चों को लाजिमी तौर पर फौजी शिक्षा दी जाय । लेकिन मैं इसका समर्थन इस कारण नहीं करता, जैसा कि मेरे पूर्व वक्ताओं ने कहा, कि देश पर कोई बहुत बड़ा संकट आने वाला है। मुझे तो आज देश के अन्दर या देश के चारों तरफ कोई बड़ा संकट नहीं दिखाई देता। यों

[चौ० रणबीर सिंह]

तो सारे संसार में कुछ न कुछ संकट रहता है और हमारा देश भी उस संसार का एक हिस्सा है ।

जैसा कि राजा साहब ने कहा कि हमारे देश के अन्दर जो पहले समाज था उसका एक अजीब संगठन था । उसको चार वर्गों में बांटा गया था । जो भाई पढ़ने लिखने का काम करते थे वह अपने को ब्राह्मण मानते थे, कुछ भाई क्षत्रिय समझे जाते थे जो कि देश की रक्षा के लिये लड़ने को अपना धर्म समझते थे । इसी तरह से जो भाई व्यापार या खेती करते थे उनको वैश्य समझा जाता था और जो भाई सब की सेवा करते थे उनको शूद्र कहा जाता था और नीच समझा जाता था । वह जमाना बदल गया । उस जमाने में जो शिक्षा दी जाती थी उसका एक खास असर देश के अन्दर था और उसका मैं सबूत दे सकता हूं । हमारे राजा साहब भी दिल्ली के पास के रहने वाले हैं और मैं भी दिल्ली के करीब का रहने वाला हूं । हम लोग दिल्ली के चारों तरफ रहते थे लेकिन हमने कभी लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि वह हमारा काम नहीं था । दिल्ली में अनेकों राज आए और चले गये लेकिन हमने किसी लड़ाई में भाग नहीं लिया । मुसलमान आए लेकिन उन्होंने हमको मुसलमान नहीं बनाया क्योंकि हम लड़ने का काम नहीं करते थे । उन्होंने दूर दराज के लोगों को जो लड़ने का काम करते थे मुसलमान बनाया । तो इसका नतीजा यह हुआ कि हम लोगों को जो दिल्ली के चारों ओर रहते थे इस से कोई मतलब नहीं रहा कि कौन राजा आया और कौन चला गया ।

लेकिन आज देश स्वतंत्र हो गया है और पुराने हालात बदल गए हैं । आज कोई मारशल रेसेज नहीं हैं । सभी देश वासी देश की रक्षा में भाग ले सकते हैं । इसलिये जरूरी है कि हम अपने बच्चों को लाजिमी तौर पर फौजी शिक्षा दें । लेकिन उस शिक्षा का यह मकसद नहीं है कि इन बच्चों को देश की रक्षा के लिये यह शिक्षा देना लाजिमी है । इस प्रस्ताव का खास मकसद यह है कि इस तरह से बच्चों को अनुशासन की शिक्षा दी जाए । जहां तक देशों की रक्षा का सवाल है, आज कल यह अवस्था है कि एक एटम बम ने जापान की सारी फौजी शिक्षा को और हथियारों को नष्ट कर दिया था । तो आज के जमाने में फौजी शिक्षा इसलिये जरूरी है कि देश के अन्दर बच्चों में अनुशासन पैदा हो ।

आज देश को आजाद हुए १४–१५ साल हो गए और देश ने बहुत तरक्की की है, लेकिन उसके साथ यह भी मानना होगा कि जहां तक अनुशासन का सवाल है वह कम हुआ है । हमने अनुशासन की तरफ ध्यान नहीं दिया और उसी का नतीजा है कि देश में अनुशासन हीनता बढ़ गई है । और और यह खास तौर से देश की तरक्की में रोड़ा बनेगी । अगर हम चाहते हैं कि तीसरी पंच साला योजना में, चौथी पंच साला योजना में और पांचवीं पंच साला योजना में देश आगे बढ़े तो हमको यह जरूरी है कि हम अपने १५ साल से ऊपर की उम्र के बच्चों को फौजी शिक्षा दें ।

मैं यह जानता हूं कि जब से देश स्वतंत्र हुआ है तब से एन० सी० सी० और ए० सी० सी० के अन्दर लाखों बच्चों को फौजी तालीम दी जा चुकी है और इस दिशा में हम काफी आगे बढ़े हैं लेकिन मैं समझता हूं कि हमको इस तरफ और आगे बढ़ना है । जइसलिये मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

**श्री रघुनाथ सिंह** (वाराणसी) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे मित्र श्री राम सुभग सिंह जी ने जो यह संकल्प उपस्थित किया है वह बिलकुल इस समय के अनुकूल है ।

प्राचीन काल में सैनिक शिक्षा क्षत्रियों को दी जाती थी क्योंकि उस समय जन्मना वर्ण माने जाते थे । उस समय कर्मणा वर्ण नहीं माने जाते थे बल्कि जन्मना वर्ण माने जाते थे । तो उस समय क्षत्रियों को सैनिक शिक्षा दी जाती थी और उनको मारशल रेसेज समझा जाता था । लेकिन अब जमाना बदल गया है और हिन्दुस्तान के सभी नागरिक मारशल रेसेज के माने जाते हैं और सभी देश की रक्षा में योग दे सकते हैं । लिहाजा इस समय जन्मना वर्ण का कोई महत्व नहीं है । अब तो कर्मणा वर्ण का महत्व है ।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि सैनिक शिक्षा का अर्थ यह नहीं है कि केवल स्थल की सैनिक शिक्षा दी जाए, उसका अर्थ यह भी है कि नौ बल पर भी जोर दिया जाए । नैवल शिक्षा पर मैं इसलिये जोर देता हूं कि आज हमारे देश का दूसरे देशों से सम्बन्ध जहाजों के द्वारा ही हो सकता है और तरह नहीं । आप देखें कि आज हमारे ओशन में पुर्तगाल के चार फ्रिगेड मौजूद हैं और ओशन से भारत पर आक्रमण होने का खतरा हो सकता है । आप भारत वर्ष के नक्शे को देखें । दो तरफ की सीमाएं पाकिस्तान से मिली हैं । उस ओर से हमारे सम्बन्ध दूसरे देशों से स्थल मार्ग द्वारा नहीं हो सकते । आज पाकिस्तान हमारे वायु मार्ग को भी अगर अपने यहां से होकर न जाने दे तो हिन्दुस्तान के हवाई जहाजों को ओशन पर ही हो कर दूसरे देशों को जाना होगा । इसलिये आज नैवी का जितना महत्व है उतना पहले कभी नहीं हुआ ।

आप देखेंगे कि हमारी जो जल की सीमा है वह करीब तीन हजार मील की है । इस तीन हजार मील की सीमा की रक्षा हम तभी कर सकते हैं जब हमारी नौसेना शक्तिशाली हो । आप देखें कि जो हमारे मरचेंट नेवी के जहाज हैं उनको चलाने के लिये आज भी १५,००० पाकिस्तानी काम करते हैं और उनको अभी तक हम हिन्दुस्तानियों से रिप्लेस नहीं कर सके हैं । और आप जानते हैं कि युद्ध के सय मरचेंट नैवी सैकिंड लाइन आफ डिफेंस होती है । इसलिये मैं कहता हूं कि, जिस प्रकार आपको स्थल की सैनिक शिक्षा पर जोर देना चाहिये, उसी प्रकार नैवल शिक्षा पर भी जोर देना चाहिये और आपको अपने युवकों को नैवी की शिक्षा देनी चाहिये । उसके बाद वह चाहें तो नैवी में जा सकते हैं या मरचेंट नैवी में भी जा सकते हैं । अब आज हालत यह है कि १५,००० पाकिस्तानी हमारी मर्चेंट नैवी में काम कर रहे हैं । अगर आज हमारा पाकिस्तान के साथ युद्ध छिड़ जाय तो हमारी क्या अवस्था होगी ? हमारे हर एक जहाज में पाकिस्तानी मौजूद हैं । हमें चाहिये हम अपने देश के नागरिकों को नैवल शिक्षा दिलाये ताकि वह उनकी जगह ले सकें । टैरीटोरियल आर्मी और एन० सी० सी० की तरह हम अपने देश के नवयुवकों को नैवल शिक्षा दिलायें । आज के जमाने में नैवल शिक्षा पर जोर देना अत्यन्त आवश्यक है और मैं चाहता हूं कि इसके बारे में सरकार गम्भीरता से विचार करे और आवश्यक कदम उठाये ।

अन्त में मैं सिर्फ यही करना चाहता हूं कि जिस तरह से प्राचीन काल में हमारे वहां लोग दुर्गा और चंडी की पूजा करते थे क्षत्री और सिक्स लोग शस्त्रों की पूजा करते थे उसी तरह से आज हर एक हिन्दुस्तानी को शस्त्र पूजा करनी चाहिये । आज देश के हर एक नागरिक का पवित्र कर्त्तव्य है कि वह देश की रक्षा करे और आवश्यकता पड़ने पर उसके हेतु शस्त्र भी उठावें । मैं इस विचार से बिलकुल सहमत हूं कि केवल पंचशील के नारे या शांति के नारे से ही देश की रक्षा नहीं होगी । उस के साथ बल भी होना चाहिये । हमारी वैदेशिक नीति तभी कामयाब हो सकती है जब

[श्री रघुनाथ सिंह]

उस के पीछे कोई सैंक्शन या शक्ति हो। अब अगर उस के पीछे कोई शक्ति नहीं है और खाली ढोल पीटा करते हैं तो इस तरह के ढोल के अन्दर पोल ही होगा।

मैं और अधिक न कहते हुए इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह नैवल शिक्षा पर भी जोर दे।

**Shri Birendra Bahadur Singhji** (Raipur): Sir, I really feel very happy that one of the things on which I wanted to speak for a very long time has been moved in the shape of a resolution by my great friend Dr. Ram Subhag Singh whom I heartily suport in his resolution.

Many hon. Members have supported the resolution and I do not like to go over the same thing and take time. I would rather like to deal with some other aspects of the matter. I personally feel that there would be no difficulty if this training is imparted compulsorily to everybody. For instance, today we have got the N.C.C. and the Defence Ministry have opened some Sainik Schools in half a dozen places, which is helping them. But the element of compulsion is missing. The boys like to join the N.C.C. because they feel that there is some merriment of the clothes or of going from one place to another and so on. That is why the boys feel very happy about joining the N.C.C. But they are not very keen about joining the army. If you talk to the boys you will find this. There may be, of course, 10 or 15 or 20 per cent. who may feel differently, but the majority of the boys are not keen on joining the army. If you ask them "What would you like to do after leaving the N.C.C. course?" their reply is, "Oh, we will go to business or for higher studies". Very few will say, "We are keen on joining the army". Because, naturally, they feel that after all they will get certain kind of recreation while they are in the schools, they get the uniforms and they can go and see places.

I personally feel that there must be an element of compulsion. As I said, there will not be any difficulty for the Government in doing this. For instance, you should start this compulsory military training from the age of fifteen to every able-bodied person till the age of forty-five. We have got this N.C.C., the Sainik Schools, etc. Further, we should have at least one year or six months of military training in every university. That military training will be compulsory. Any boy who wants to become a graduate or anybody else will have to pass the examination after having undergone military training. There will be no difficulty. We have got a number of retired Army officers and retired Junior Commissioned Officers who can easily be employed by the Government.

Secondly, as my colleague Shri Raghunath Singh has just now said, about training in the Navy, there should be no difficulty. We can give that training round about the maritime States, Madras, Bombay, Gujarat and Orissa, to the boys and other people, in so far as the Navy or merchant navy is concerned. This is what I wanted to submit. Practically every one has supported this Resolution. If the Government accepts the principle of it and appoints a small committee as early as possible, most of the details can be filled in. But, I certainly feel that compulsory military training from the age of 15 to 45 is very essential. Leave aside whatever fears we have got roundabout. In spite of that, this will inculcate among the boys a sense of discipline and oneness. We have been talking of general integration a few months ago. Practically every representative from the States has supported it. The only way to bring about general integration is to bring them closer. As one of my hon. friends from the opposition said just

now, integration can be brought about through this training.

I support this Resolution wholeheartedly.

**श्री झुनझुनवाला** ( भागलपुर ) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे मित्र डा० राम सुभग सिंह जो प्रस्ताव लाये हैं वह बहुत महत्वपूर्ण है और मैं उसका पूर्ण रूप से समर्थन करता हूं। आज के जमाने में उसका महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है क्योंकि हमारे देश के ऊपर चारों ओर से आफत आती हुई दिखाई दे रही है और हम सब भारतवासियों का यह परम धर्म हो जाता है कि अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए देश के नवयुवकों को फौजी शिक्षा दें।

आज चारों ओर से देश पर आफत आती हुई दिखाई दे रही है। एक ओर तो चीन मुंह बाये खड़ा है और दूसरी ओर पुर्तगाल खड़ा है। इन के अलावा कोई और भी उधर खड़ा है। वे सब मन में बुरा इरादा लिये हमारी ओर देख रहे हैं और समझ रहे हैं कि हिन्दुस्तान हर प्रकार से कमजोर है।

आज देश में यह गलत भावना घर कर गई मालूम पड़ती है कि चूंकि हम लोग अहिंसक है इसलिए हम लोगों को मिलिटरी ट्रेनिंग लेना ठीक नहीं है। मैं समझता हूं कि महात्मा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत को लोग अच्छे तरह से नहीं समझ पाये हैं और इसी लिये उनका ऐसा खयाल बना हुआ है। हमारे यहां अभी थोड़े दिन हुए शांति सेना के निर्माण की आवाज उठी थी लेकिन मैं इस बात को बिलकुल साफ कर देना चाहता हूं कि जब तक मिलिटरी ट्रेनिंग के जरिए लोगों में अपने देश और अपनी स्वतंत्रता को बचाने की ताकत नहीं होगी तब तक हमारे लिए पंचशील, शान्ति और अहिंसा की बात करना इम्पोटेंसी है। हम लोग सही मायनों में तभी अहिंसक हो सकते हैं जब हम लोग हर तरीके से मजबूत और ताकतवर हों। गांधी जी की अहिंसा बुजदिलों की अहिंसा नहीं थी। अब चूंकि हम बुजदिल हैं और कमजोर हैं और उस कारण से हम अहिंसक बनते हैं तो उस से बढ़कर खराब बात दूसरी नहीं है। महात्मा गांधी का तो यह कहना था कि अहिंसा का बल आत्मबल है। कमजोर और बुजदिलों के लिए अहिंसा नहीं है। देश की सुरक्षा को यदि आंच आती है और अहिंसा की आड़ लेकर लेकर बुजदिल हो कर यदि हम चुपचाप बैठ जाते हैं और आक्रमणकारी का मुकाबला नहीं करते हैं तो वह अहिंसा नहीं हुई। गांधी जी की अहिंसा का कदापि यह तात्पर्य नहीं था।

जैसे हमारे भाई डा० राम सुभग सिंह ने बतलाया है यह बहुत जरूरी है कि सरकार देश में १५ वर्ष से ऊपर नवयुवक विद्यार्थियों के लिए फौजी शिक्षा अनिवार्य कर दे। हमारे विद्यार्थियों को हर प्रकार की फौजी शिक्षा दिलाई जाय। मैं तो इस से एक कदम आगे बढ़ कर यह मांग करूंगा कि खाली स्कूल और कालिज के विद्यार्थियों को ही नहीं अपितु हर एक देशवासी को जो कि इस प्रकार की फौजी शिक्षा ले सकने में समर्थ हो, दिलाई जाये और उन के वास्ते भी फौजी शिक्षा अनिवार्य कर दी जाय। जब तक यह नहीं होगा तब तक हम लोग बुजदिल ही बनते रहेंगे और अपने को अहिंसक मानने का ढोंग रच कर घर में चुप चाप बैठे रहेंगे। लेकिन वास्तव में वैसा करके न तो हम पंचशील में विश्वास करेंगे और न ही सच्चे मानों में अहिंसक बनेंगे। अहिंसक वही हो सकता है जिस में कि शारीरिक बल हो और उसी में आत्मबल आ सकता है जो कि अहिंसा सिखलाती है। बस मैं और अधिक न कहते हुए डा० राम सुभग सिंह के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

**पंडित ज्वा० प्र० ज्योतिषी** (सागर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं डा० राम सुभग सिंह को यह सुन्दर प्रस्ताव पेश करने के लिए बधाई देता हूं। इस बात में कोई तथ्य नहीं है कि चूंकि चाइना हमारी सीमा पर खड़ा है, इस लिए हम इस प्रस्ताव का समर्थन कर रहे हैं। हमें गोग्रा में पार्टुगीज़ से कोई खतरा नहीं है, हमें उनका डर नहीं है। अपनी फ़ौज पर हम को पूरा यकीन है। अगर कोई विदेशी ताकत हमारे देश की सीमा का अतिक्रमण करती है, तो उस का मुकाबला करने का बल हम में है। किसी तात्कालिक भय से आतंकित हो कर हम इस प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर रहे हैं। इस प्रस्ताव का हम इस लिये समर्थन करते हैं कि क्योंकि हम समझते हैं कि इस देश के नौजवानों का निर्माण करने की दष्टि से, उनका सर्वांगीण विकास करने की दष्टि से इस देश की शिक्षा-प्रणाली में यह आमूल परिवर्तन बहुत लाज़िमी है। निरी बौद्धिक शिक्षा मनुष्य को पंगु बना रही है। वह शिक्षा जिन्दगी के हर क्षेत्र में एक अनुशासित और सुव्यवस्थित रूप से काम करने की क्षमता पैदा नहीं करती है।

चाहे मकान बनाने का काम हो, चाहे बाढ़ के वक्त काम करने का अवसर हो और चाहे युद्ध के मैदान में शत्रुओं का मुकाबला करने की योग्यता का प्रश्न हो, हम देखते हैं कि हमारे देश के सैनिकों ने हर मैदान में बहुत डिसिप्लिन से, बहुत जवांमर्दी से काम किया है। हज़ारों आदमी बाढ़ में काम करते रहे, लेकिन वह सफलता नहीं पा सके, जो कि हमारी मिलीटरी के चन्द आदमी पा सके, जब उनको वह काम सौंपा गया। इसी प्रकार हज़ारों आदमी निर्माण के काम में लगे और उन्होंने मकान बनाने की कोशिश कीं, लेकिन मकान जल्दी से नहीं बन सके, क्यों कि उन लोगों में और कारीगरों में डिसिप्लिन नहीं था। लेकिन जब इस देश की मिलिटरी के आदमियों न, जो कि डिसिप्लिन्ड थे, इस काम को उठाया, तो उस को अत्यन्त सुन्दरता और खबसूरती से कर के दिखाया। उन्होंने महीनों का काम दिनों में और दिनों का काम घंटों में कर दिखाया। यही नहीं, खेतों में भी उन लोगों ने अपने जौहर दिखाये। मिलिटरी के रिटायर्ड आदमियों ने रेगिस्तान के स्थलों में इतने ऊंचे गेहूं के खेत तैयार किए। हमारे इलाके में मिलिटरी के लोग जा कर बसे। उन में डिसिप्लिन था, उन में आंधी और पानी में अपनी रगों का पसीना बहाने की क्षमता थी, इसलिए वे अपने काम में सफल हुए।

मैं मिलिटरी ट्रेनिंग को इस लिए आवश्यक समझता हूं कि क्योंकि उस से आदमो में डिसिप्लिन पैदा होता है, अपने संकल्प और इरादे के लिए मर मिटन की ताकत आती है। हमारे देश का यह दुर्भाग्य है कि विदेशी हुकूमत ने हमारी शिक्षा पद्धति को जिस ढर्रे में डाला, वह उस में बहुत वर्षों तक पड़ी रही। इस देश में शौर्य और जवां-मर्दी न जगने पाये, डिसिप्लिन पैदा न हो, काम करने की क्षमता न हो, ऐसा ढर्रा विदेशी शासकों न शिक्षा के क्षेत्र में डाला। दुनिया बदल गई और यह देश बदल गया। इस लिए यह जरूरी है कि हम शिक्षा में एक आमूल परिवर्तन करें। हमारी शिक्षण संस्थाओं में जो इनडिसिप्लिन आ गया है, इस का इलाज करन की दृष्टि से भी मैं यह आवश्यक समझता हूं कि इस देश में मिलिटरी ट्रेनिंग को कम्पलसरिली आरम्भ किया जाये। यह एक बहुत अच्छा और सुन्दर ख्याल है।

इस संबंध में यह प्रश्न है कि आखिर इस व्यवस्था को केवल विद्यार्थियों तक ही क्यों सीमित किया जाये। जिन लड़कों और नौजवानों को कालेजों और विश्व-विद्यालयों में पढ़ने का मौका नहीं मिला, वे भी तो देश के नागरिक हैं, उनकी रगों में भी खून है और उन पर भी देश

की सुरक्षा की जिम्मेदारी आती है, उन को भी हर एक क्षेत्र में एक डिसीप्लिन्ड तरीके से देश का काम करने का अवसर देना आवश्यक है । उन को भी इस योजना का लाभ पहुंचाना चाहिए । आज हमारे देश में डाकुओं और चोरों के उपद्रव होते हैं और अशिक्षित आदमी उन का मुकाबला करन में अक्षम हैं । इस कारण हम को पुलिस की बड़ी बड़ी प्लैन्टून्ज रखनी पड़ रही हैं । अगर गांवों के आदमी डिसिप्लिन्ड हों, अगर हम ने उन को मिल कर काम करने की शिक्षा दी हो, तो वे सरलता से इस समस्या का सामना कर सकते हैं ।

इन सब बातों को मद्दे-नजर रखते हुये मैं यह जरूरी समझता हूं कि इस दिशा में जल्दी से जल्दी कदम उठाया जाये । केवल स्कूलों में ही नहीं, बल्कि जिन्दगी के हर क्षेत्र में, देश के कोन कोने में मिलिटरी ट्रेनिंग को कम्पलसरी किया जाये । यह कोई रेजिमेंटेशन की तरफ़ जाने की बात नहीं है । हम शांति के उपासक हैं । अगर युद्ध के दानव को ताबूत में बन्द करने के लिये कीलों की जरूरत हो, तो हम हर वक्त अपनी हड्डियां देने के लिये तैयार हैं । युद्ध बन्द होने चाहियें इस बारे में कोई मत-भेद नहीं है । लेकिन युद्ध केवल बातों से समाप्त नहीं हो सकते । युद्ध को वहिष्कृत करने के लिए यह जरूरी होता है कि देश के नौजवानों में, नयी पीढ़ी में मजबूती के साथ जां-निसारी का भाव जागे । वह जां-निसारी का भाव, वह मिल कर अनुशासित रूप से काम करने का ख्याल मिलिटरी ट्रेनिंग से आ सकता है । इस लिए मैं इस प्रस्ताव का हृदय से समर्थन करता हूं ।

**श्री नलदुर्गकर** (उस्मानाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, डा० राम सुभग सिंह ने जो प्रस्ताव पेश किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं । इस के पहले भी मैंने एक भाषण में कांस्क्रिप्शन की सिफारिश की थी । यह प्रस्ताव बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम है और हम उम्मीद करते हैं कि गवर्नमेंट इस पर गम्भीरतापूर्वक सोचेगी ।

पुराण और सदियों का इतिहास पढ़ने से यह अनुभव और तजुर्बा हासिल होता है कि एक हिंसावादी राष्ट्र किसी अहिंसावादी राष्ट्र को कभी भी अमन से नहीं रहने देता । जिस तरह हिंसा की भावना या वार साइकासिस अच्छा नहीं है, उसी तरह अहिंसा का मादा इन्तहाई हद तक जाना भी अच्छा नहीं है । उन दोनों का समन्वय होना चाहिए । इस दृष्टि से से मैं इस प्रस्ताव का स्वागत करता हूं । अगर यह प्रस्ताव अमल में लाया जायेगा तो उन विद्यार्थियों में, जिन में आज-कल एक तरह की इनडिसिप्लिन पैदा हो रही है, एक अनुशासन का माद्दा और ओबीडियंस की भावना पैदा हो जायेगी तथा उन में डिसिप्लिन आ जायेगी । जब वे विद्यार्थी पूरा मिलिटरी शिक्षण लेकर हाई स्कूल या कालेज से बाहर निकलेंगे, तो उन में न सिर्फ शख्सी तौर पर, व्यक्तिगत रूप से सैल्फ-कान्फिडेंस पैदा हो जायेगा, बल्कि उन के द्वारा पूरे देश में आत्म विश्वास पैदा हो जायगा ।

मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करता हूं कि अगर विद्यार्थियों को उन सब बातों का शिक्षण दिया जायेगा,, जिन की मैदाने-जंग में, युद्ध क्षेत्र में, आवश्यकता है, अर्थात् हवाई जहाज, टैंक और जहाज़ आदि चलाना, तो उसका फायदा यह होगा कि देश पर कोई आपत्ति या आफ़त आने पर कई लाख नौजवान एक दम मोबि-लाइज हो जायेंगे और वक्त पर अपने देश के लिए खून बहाने के लिए तैयार हो जायेंगे । इस तरह हमें उस लांछनास्पद

[श्री नलदुर्गकर]

परिस्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा कि हम. किसी बात के लिए तैयार नहीं हैं।

जब देश को स्वातंत्र्य मिल जाता है और उस में डेमोक्रेसी आ जाती है, तो ऐसी सूरत में यह कहना बेकार है कि इस शिक्षण से देश में वार साइकासिस पैदा हो जायेगा। हमारे साधु-सन्तों ने हम को जो आध्यात्मिकता का उपदेश दिया है, उस को मद्दे-नजर रखते हुए हिन्दुस्तान में वार साइकासिस कभी भी पैदा नहीं होगा। प्रदेश-विस्तार की हमारी आकांक्षा नहीं है। ऐसी सूरत में डा० राम सुभग सिंह ने यह प्रस्ताव ऐसे वक्त पर पेश किया है, जब कि राष्ट्र को उस की बहुत जरूरत है और इस लिए मैं उसका पूरा समर्थन करता हूं।

**Dr. M. S. Aney** (Nagpur): My reason for intervening in this debate is to represent in this House the views of the older generation that is fast disappearing.

I rise to support the Resolution which has been very ably moved by my hon. friend, Dr. Ram Subhag Singh. When we were agitating for swaraj in the British days, one of the things very often said against us was that Indians were not fit to defend the country itself and so long as they were not fit to defend the country, they did not deserve swaraj. This was one of the stock arguments used against the people of India.

Somehow or other, we gave battle to the English and it was shown that Indians were fit to carry on that kind of warfare, and without having to display that particular kind of capacity to defend, we got swaraj, and we are free now. But we must remember that we are not living in a world where the capacity for defence is altogether dispensed with. On the other hand, we find today that there is a kind of competition or race going on between the big nations who virtually dominate the politics and the progress of the entire world. Each country talks of becoming militarily strong in such a way as to become a menace to the progress and even the existence of the human race itself. Under the circumstances, one of the most important questions that we have to face is whether we should be merely people hugging to our bosoms the ideology of peace without being able to play our role manfully if an eventuality faces this country.

It is not merely an ideological thing. For the last so many days we have debated the question of India's defence. It has become a live question and is not merely ideological. At one time we were thinking, and that was the view of Mahatma Gandhi also, that India had no enemy anywhere, but after getting independence we are finding that those whom we considered as our friends, who could never be our enemies, are slowly becoming at least hostile to us, if not becoming our enemies. The position all round India is not one on which we can safely rely.

Not only that. Unless we are prepared to be defend our frontiers, the integrity of the nation itself is in danger. That is the position.

In the circumstances, it is necessary that we must not rely upon the army alone as we formerly did, but every citizen of this country, if possible, must be prepared to take up the work of the soldier to defend the country if the time comes. And the best way to do that is to introduce an element of compulsion at a certain stage of education, to give them military training.

We have made certain arrangements of having the Territorial Army, the National Cadet Corps and so on,

but in all these things it is left to the individual to join or not. So, we find that the progress that can be made through them is of a limited nature. All persons in the country are not drawn towards that big ideal. If an element of compulsion is introduced, I am sure we shall be able to call to service at a moment's notice not only thousands of soldiers, but millions who have been trained as soldiers, who have gone through the military training.

Besides, I always regard the training of a man as incomplete without military training. We are all educated men, good at speaking in this House, but when action comes, most of the burden lies on somebody else. What has happened in India is this. we have left this work of defence to a particular class; others were completely indifferent to it. With the coming in of democracy, when every one thinks he has the right to govern this country, that he is as good as the President of this nation itself, it is very necessary that every one of us must not only be able to make his contribution in a particular direction, but also undertake the vital duty of defending the country.

There are two things important for the country today—one is industrialisation of the country, and the other is defence i.e. the militarisation of it. These two matters must progress properly. Every Indian should be able to think that he is serving the country. Not only that but that he gets his proper due in training. Therefore, military training should be given. It should be taken not only by people paid for that but by every citizen. That is possible only if we introduce this element of compulsion at a certain stage of education.

I do not consider this Resolution a sufficiently good Resolution; but it is a good beginning. It is a good proposition that has been placed before the House.

I do not want to take more time. I want to say one thing. When we are talking of the spirit of self-sacrifice we should know that renunciation and enjoyment do not usually go together. But that has been the ideal that has been praised in Gita.

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा
भोक्ष्यसे महीम् ।

By preparing to fight, if you win you get the freedom of the country. If you lose, you go to Heaven. It is that kind of spirit that you should propagate. Therefore, along with moral education, military education shall also be given to the boys if they should have renunciation as well as enjoyment. In this spirit we must train our boys and some kind of beginning should be made, I believe, by adopting this Resolution to impart military training. This will make a proper start on the road.

With these words I support the Resolution.

**श्री प० ला० बारूपाल** (बीकानेर-रक्षित-अनुसूचित जातियां) : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो प्रस्ताव मेरे माननीय मित्र श्री राम सुभग सिंह ने पेश किया है इसका मैं हार्दिक समर्थन करता हूं। मैं समझता हूं कि किसी भी देश की सुदृढ़ता का जो आधार होता है वहां के लोगों की शिक्षा और स्वास्थ्य होता है। जब मनुष्य की अच्छी शिक्षा होती है और उसका स्वास्थ्य अच्छा होता है, तो वह किसी भी काम को करे, वह गलती नहीं करता है और हर काम को अच्छा करता है। मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि मुझे इसका तजुर्बा है। मिलिटरी की जो शिक्षा है वह मैं समझता हूं हमारे स्कूलों में प्रत्येक विद्यार्थी को दी जानी चाहिये। जो आदमी एक बार ऐसी शिक्षा प्राप्त कर लेता है वह कभी आलसी नहीं बनता, उसके अन्दर चुस्ती आती है, अनुशासन आता है। लेकिन आजकल जो शिक्षा दी जाती है, उसमें ये चीजें नहीं आती है। मैं देखता हूं कि बी०ए० और एम० ए० में पढ़ने वाले सुस्ती से काम करते हैं। उनकी चालढाल को आप देखिए, आप पायेंगे कि

[श्री प० ला० बारुपाल]

वे चुस्त नहीं हैं । वे सुबह दस दस बजे तक सोये रहते हैं । माता पिता कहते हैं कि बच्चा रात को पढ़ता रहा है, इसको सोने दिया जाए, इसको जगाना नहीं चाहिये । यह सही नहीं है । मैं यह सब इसलिये कह रहा हूं कि मैं एक गरीब घराने से आता हूं और अपने जीवन में पहले मैं भी आलसी था । मैं इतना आलसी हो गया था कि पांच वर्ष तक मैं भिखारी की तरह साधू बन कर घूमता रहा ।

१६४२ में जब गांधी जी ने कहा कि अंग्रेजों के साथ असहयोग का बरताव करना चाहिये और मिलिटरी में नहीं जाना चाहिये तो मैं ने सोचा कि वह ऐसा कर के क्या कर लेंगे और मैं जा कर मिलिटरी में भरती हो गया । मिलिटरी में जा कर मेरे जीवन में क्या परिवर्तन आया, क्या क्या काम मैं ने किए, उनका मैं यहां वर्णन नहीं कर सकता हूं । लेकिन मैं इतना अवश्य कह सकता हूं कि आज मेरी ४६ साल की उम्र है और कोई भी भारतीय या कोई भी २५ साल का स्टुडेंट मेरे मुकाबले में आ जाए, मेरे साथ कम्पीटीशन में आ जाए, मैं उसको आगे नहीं जाने दूंगा । मैं आपको सही बता रहा हूं और यह बात मैं केवल उदाहरण के ही तौर पर कह रहा हूं । मेरे पास कोई मोटर नहीं है, साईकल नहीं है और मैं हमेशा पैदल चलता हूं । मुझे किसी भी तरह की कोई थकान महसूस नहीं होती है और मैं काफी तेज चलता हूं । मेरे घर का जो धंधा है, छोटे से छोटे से ले कर बड़े से बड़े तक मैं खुद करता हूं । बूट पालिश तक मैं खुद करता हूं . . .

**उपाध्यक्ष महोदय** : डिफेंस मिनिस्टर साहब से बात कर लीजिये और कह दीजिये कि पीपल्ज कार का वह खयाल कर लें ।

**श्री प० ला० बारुपाल** : मैं यह कहना चाहता हूं कि एक मिलिटरी मैन जो होता है वह किसी के भरोसे नहीं रहता है, किसी के आसरे नहीं रहता है । बड़ी से बड़ी मुसीबत आने पर भी वह अपने आप को सम्भाले रखता है । छोटे से छोटे और बड़े से बड़े काम वह खुद कर सकता है । इसलिये पहले हमारे मुल्क के अन्दर इस बात की आवश्यकता है कि हर मनुष्य हर एक काम करे और हर मुसीबत को कहने के लिये तैयार रहे ।

इस बात को कहते हुए मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं, जोरदार शब्दों में समर्थन करता हूं कि हर स्कूल के अन्दर ऐसी शिक्षा होनी चाहिये जो कि हमारे देश को हर मुसीबत और हर आपत्ति को सहन करने के लिये तैयार करे, और चूंकि बहुत से लोग यहां पर बोलने वाले हैं, इसलिये अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

**उपाध्यक्ष महोदय** : अब समय बहुत कम है और बोलने वाले बहुत हैं इसलिये इस प्रस्ताव पर बहस फिर होगी ।

---

**17.51 hrs.**

## CHRISTIAN MISSIONARIES*

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (गुड़गांव) : उपाध्यक्ष महोदय, लोक-सभा के इस अन्तिम अधिवेशन की समाप्ति पर, जब यह राजनीतिक यज्ञ पूर्ण होने जा रहा है, मैं आप के द्वारा इस सदन का और विशेष रूप से इस भारत सरकार का ध्यान एक ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न की ओर आकर्षित करता हूं, जिसे यदि देर तक उपेक्षा की दृष्टि से देखा गया तो वह इस देश के लिये बड़ा भयावह होगा।

आप मुझे इन शब्दों के कहने की आज्ञा दीजिये कि जहां भारत की भौगोलिक

*Half-an-hour discussion.